झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 08 / 26 – 80 ,राँची / दिनांक: 07 / 09 / 2026

जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) तथा प्रथम एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कारों से संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक– 23.08.2026 को आयोजित जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है जिसे पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column में प्रतियोगिता परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाफल अधःभारित (Download) कर सकते हैं।

2. राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के GNM पाठ्यक्रम में नामांकन की अनुशंसा हेतु प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–09.09.2026 से आयोजित की जा रही है।

3. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

4. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम साक्षात्कार से नामांकित होंगे तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहेंगे, तो वे द्वितीय साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

5. नर्सिंग पाठ्यक्रम GNM की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित प्रथम एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कारों का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

Time Schedule for 1st Round of Online Counselling for GNM Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	09.09.2026 to 12.09.2026
2.	Editing in filled up choices if needed	13.09.2026
3.	Issue of Provisional seat Allotment Letter	15.09.2026
4.	Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute	16.09.2026 to 19.09.2026

Time Schedule for 2nd Round of Online Counselling for GNM Course

Sl.No.	Activity	Date
1.	Display of Seat Matrix	21.09.2026
2.	Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	21.09.2026 to 23.09.2026
3.	Issue of Provisional seat Allotment Letter	25.09.2026
4.	Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute	26.09.2026 to 30.09.2026

6. जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों/पाठ्यक्रमों में से अपने लिये पाठ्यक्रम/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2026 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

7. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

8. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

09/09/26

(विशेष कार्य पदाधिकारी)